**दिल्ली पब्लिक स्कूल जम्मू**

**सत्र: 2024-2025**

**पुनरावृत्ति पत्रिका**

**कक्षा: तीसरी**

**विषय: हिंदी**

**उपविषय :**

**पाठ 3- कुँए का पानी, पाठ4- हमारे त्योहार**

**कविता - चाँद का कुरता, पाठ 6 - शर्मीली का सफ़र**

**व्याकरण : वर्ण, शब्द - वाक्य, संज्ञा, लिंग, वचन**

## खंड - क

**प्र.1 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए -**

एक पेड़ पर बुलबुल रहती थी । उसी पेड़ के नीचे एक चींटी रानी भी रहती थी। एक दिन चींटी रानी खाने की खोज में इधर-उधर घूम रही थी। तभी उसे मिसरी का एक टुकड़ा दिखाई दिया। उसे देखकर वह बहुत खुश हुई। चींटी रानी मिसरी को मुँह में दबाए खींच रही थी। तभी अचानक बारिश होने लगी। पेड़ पर बैठी बुलबुल बड़ी देर से चींटी रानी को मिसरी को खींचते हुए देख रही थी, उसे चींटी रानी पर दया आ गई। उसने कहा कि वह जल्दी से मिसरी को उसके घर पहुँचा देती है, नहीं तो बारिश से यह गल जाएगी। चींटी रानी मान गई। बुलबुल ने उड़ कर मिसरी को उसके घर पहुँचा दिया। इसके बाद वे दोनों अच्छी सहेलियाँ बन गईं।

**क) निम्न दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -**

i) चींटी रानी कहाँ रहती थी? वह इधर- उधर क्यों घूम रही थी?

ii) चींटी रानी को किसका टुकड़ा दिखाई दिया?

**ख) निम्नलिखित शब्दों के सही अर्थ चुनकर लिखिए -**

| शब्द | अर्थ |
|---|---|
| i) खुश | उदास, प्रसन्न, दुखी |
| ii) पेड़ | वृक्ष , जंगल , गृह |

**ग) निम्नलिखित वाक्यों में सही या गलत का निशान लगाइए -**

(i) बुलबुल को चींटी रानी पर गुस्सा आ गया। ( )

ii) वे दोनों अच्छी सहेलियाँ बन गईं । ( )

**घ) सही विकल्प चुनकर लिखिए -**

i) चींटी रानी को मिसरी को खींचते हुए कौन देख रहा था?

अ) बुलबुल (ब) गिलहरी (स) चिड़िया

ii) चींटी रानी मिसरी को किसमें दबाए खींच रही थी ?

अ) हाथ में (ब) मुँह में (स) पैर मे

प्र..**2 निम्न दिए गए चित्र को ध्यान पूर्वक समझते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -**



**क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -**

i) इस चित्र में कितने बच्चे है?

ii) लाल बालों वाली लड़की के हाथ में क्या है?

iii) दिए गए चित्र में सभी बच्चे अपनी- अपनी पसंद का काम कर रहे हैं, खाली समय में आपको क्या करना पसंद है?

**ख) सही विकल्प चुनकर लिखिए -**

**i)** लड़की किस का चित्र बना रही है?

अ) मधु मक्खी ब) घड़ी स) फूल

**ii)** चित्र में कौन सा जानवर दिखाई दे रहा है?

अ) भालू ब) बकरी स) कुत्ता

**iii)** पेड़ पर कितने सेब लगे हैं?

अ) दो                    ब) तीन          स) चार

**ग) निम्नलिखित वाक्यों में सही (✓) या गलत (×) का निशान लगाएँ -**

**i)** चित्र में सभी बच्चे फुटबॉल खेल रहे हैं। ( )

**ii)** एक लड़का जमीन पर सो रहा है।        ( )

**खंड - ख**

प्र•3) <u>**'दीपावली- रोशनी का त्योहार'**</u> विषय पर सहायक सूची की सहायता से एक अनुच्छेद लिखिए। ( शब्द सीमा 60-70 )

<u>**सहायक सूची:-**</u> दीपावली, प्रकाश पर्व ,रोशनी, नए-नए कपड़े, मिठाइयाँ, उपहार , पूजा, पटाखे, साफ-सफाई, मिट्टी के दीपक, मोमबत्तियों, सजावट, रंगोली, आनंद , खुशी, सुरक्षित

**खंड - ग**

**प्र.4) निम्नलिखित शब्दों को सही क्रम में लिखकर सार्थक वाक्य बनाइए-**

क) रही है बारिश हो बाहर।

ख) है लड़का रहा गाना गा।

**प्र•5) निम्नलिखित वर्णों को सही क्रम में लिखकर सार्थक शब्द बनाइए-**

क) लयघा          ख) शबूखु          ग) मलक

**प्र•6) कोष्ठक में से उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए -**

**क)** हिंदी में __________ व्यंजन होते हैं। ( ग्यारह / तैंतीस )

ख) ________ को अक्षर भी कहते हैं। ( वर्ण / मात्रा )

**प्र•7) निम्नलिखित वाक्यों के लिए सही (✓) या गलत ( × ) का निशान लगाइए -**

**क)** वर्णों के योग से वर्णमाला बनती है ।  (  )

**ख)** क्ष,त्र, ज्ञ और श्र संयुक्त व्यंजन हैं ।  (  )

**प्र.8) निम्नलिखित वाक्यों में संज्ञा शब्दों को चुनकर लिखिए-**

क) पिताजी बाज़ार जा रहे हैं।

ख) बच्चा पुस्तक पढता है ।

**प्र•9) निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित संज्ञा शब्दों से कीजिए-**

क) ___________ रो रही है।

ख) मेरी माँ बाज़ार से ______ लाई ।

**प्र•10) निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के लिंग बदलकर वाक्य दोबारा लिखिए -**

क) <u>**राजकुमार**</u> बाग में घूम रहा है ।

ख) <u>**शेर**</u> आराम कर रहा है।

**प्र•11) कोष्ठक में से सही लिंग चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए -**

क) जंगल में ________ नाच रही है। ( मोर / मोरनी )

ख) ________ पढ़ा रहा है। (अध्यापक/ अध्यापिका )

**प्र•12) निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के वचन बदलकर वाक्य दोबारा लिखिए-**

क) पेड़ पर बैठी <u>**चिड़िया**</u> गा रही है।

ख) <u>**लड़की**</u> नाच रही है ।

**प्र•13) कोष्ठक में से सही वचन चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए -**

क) **मेरे** बस्ते में छः ________ रखी हैं। ( पुस्तक / पुस्तकें )

ख) __________ कार चला रहा है। (लड़का /लड़के)

## खंड - घ

**प्र.14 निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़ते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए -**

भारतवर्ष त्योहारों का देश है। यहाँ अलग- अलग धर्मों को मानने वाले लोग रहते हैं। अलग अलग भाषा तथा बोलियाँ बोलने वाले लोग रहते हैं। यहाँ अलग-अलग क्षेत्रों में अलग- अलग त्योहार मनाए जाते हैं। कुछ त्योहार धर्म पर आधारित होते हैं तो कुछ अलग- अलग मौसम में आने वाली फ़सलों पर। हिंदू धर्म को मानने वाले भारतीय बड़े उत्साह से होली, दीपावली, रक्षा बंधन तथा दशहरा जैसे पर्व मनाते हैं। होली पर सब एक दूसरे को रंग लगाते हैं, जो जीवन में प्रेम और खुशियों के रंग बिखेरने का प्रतीक है।

**क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -**

i) हिंदू धर्म को मानने वाले भारतीय कौन- कौन से त्योहार मनाते है?

ii) होली का त्योहार कैसे मनाया जाता है? यह त्योहार किसका प्रतीक है?

**ख) निम्नलिखित वाक्य में सही (✓) या गलत (×) का निशान लगाइए -**

i) कुछ त्योहार धर्म पर आधारित होते हैं। ( )

**प्र•15) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -**

क) कुआँ किसने किसको बेचा था?

ख) त्योहार हमारे जीवन में क्या संदेश देते हैं?

ग) घुमक्कड़ के साथ घूमते हुए शर्मीली ने क्या-क्या देखा?

**प्र•16) निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए -**

क) _______ को प्रकाश- पर्व के रूप में मनाया जाता है।

ख) अनेक नदियाँ इस_________ में मिलकर खत्म हो जाती हैं।

**प्र•17) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए-**

क) भयानक -

ख) प्रयास -

**प्र•18) सही विकल्प चुनकर लिखिए -**

क) ओणम कहाँ मनाया जाता है?

अ) असम ब) केरल स) तमिलनाडु

ख) नदी का पाट कहाँ जाकर चौड़ा हो जाता है?

अ) मैदानों में ब) पहाड़ों पर स) बाज़ार में

**प्र•19) निम्नलिखित वाक्यों में सही (✓) या गलत (×) का निशान लगाइए-**

क) शर्मीली को घुमक्कड़ की बातें अच्छी नहीं लगीं। ( )

ख) राजा का फैसला सुनकर बनिया हक्का- बक्का रह गया । ( )

**प्र•20) निम्नलिखित कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए ।**



क) __________ चलती हवा रात भर,

______________ मरता हूँ।

ख) आसमान का _________

__________________ जाड़े का ।